राधा नाचे कृष्ण भी नाचे | By Malti Bhargava |

राधा नाचे कृष्ण भी नाचे
नाचे गोपी जन
मन मेरा बन गया सखी रे
सुंदर वृंदावन
सखी रे सुंदर वृंदावन
राधा नाचे कृष्ण भी नाचे
नाचे गोपी जन

कहीं द्वारिकानाथ तुम ही हो
कहीं पे नंद के लाला
एक हाथ में मुरली सोहे
दूजे चक्र सुदर्शन
कन्हैया जी नन्ही उँगली पर
नाचे गोवर्धन सखी रे
नाचे गोवर्धन
राधा नाचे कृष्ण भी नाचे
नाचे गोपी जन

श्याम साँवरे राधा गोरी
जैसे बादल बिजली
इन दोनों की युगल जोड़ी ये
गोपी कुंज बन निकली
कदंब तले बंसी बजावे
राधा जी के संग सखी रे
राधा जी के संग
राधा नाचे कृष्ण भी नाचे
नाचे गोपी जन

सागर ऊपर लहरें नाचे
लहरों पर छवि छाया
कन्हा की उँगलियाँ नाचे
उँगलियों पर माया
कन्हा की तिरछी नज़रों पे
नाच रहा ब्रह्मांड सखी रे
नाच रहा ब्रह्मांड
राधा नाचे कृष्ण भी नाचे
नाचे गोपी जन

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%9a%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a5%83%e0%a4%b7%e0%a5%8d%e0%a4%a3-%e0%a4%ad%e0%a5%80-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%9a%e0%a5%87-by-malti-bhargava/